Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार सच का साथी दिनांक 06-05-2023 अंक 560

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### डायन–बिसाही मामले में मृतक परिवार को मिली आर्थिक व कानूनी मदद




**अपेम लाइव : लातेहार**

लातेहार : जिले के चंदवा थाना क्षेत्र के हेसला गांव में विगत 2 मई को डायन–बिसाही के आरोप में वृद्ध दंपती की पीट–पीट कर हत्या कर दी गई थी।जिसके बाद दंपती की बहु के आवेदन पर चंदवा थाने में मामला दर्ज करायी गयी।इस मामले पर झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची ने स्वतरू संज्ञान लिया है। झालास ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार को इस मामले में पीड़िता को आर्थिक व कानूनी रूप से सहायता देने का निर्देश दिया।जिसके बाद प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष अखिल कुमार के निर्देश पर शनिवार को प्राधिकार की सचिव स्वाति विजय उपाध्याय ने पीड़िता को आर्थिक व कानूनी सहायता प्रदान की।साथ ही हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया।

## पैसरा में भव्य कलशयात्रा का आयोजन, विधायक व पूर्व विधायक हुए शामिल






**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनील कुमार**

बरकठा प्रखंड क्षेत्र के पंचायत गंगपाचो ग्राम पैसरा में 6–14 मई तक संचालित श्री श्री 108 हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के निमित भव्य कलशयात्रा का आयोजन किया गया। भव्य व आकर्षक रूप से लाल पीले वस्त्रों में सजी धजी देवी स्वरूपा माताएं व बहनों को सर्वप्रथम मुख्य अतिथि विधायक अमित कुमार यादव व विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, जीप सदस्य कुमकुम देवी, 20 सूत्री चेयरमैन प्रदीप प्रसाद व मुखिया कलावती देवी ने कलश देकर कलशयात्रियो को जल आचमन के लिए उत्तरवाहिनी नदी के लिए विदा की ततपश्चात उत्तरवाहिनी बरसाती नदी से जल भरकर ग्राम भ्रमण करते हुए यज्ञ मंडप पहुची।इस मौके पर विधायक अमित कुमार यादव, पूर्व विधायक जानकी यादव, जिला परिषद उपाध्यक्ष किसुन यादव, जिला परिषद सदस्य कुमकुम देवी,प्रमुख रेणु देवी, उपप्रमुख सुरजी देवी, बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप कुमार मंडल, जिला ग्रामीण सचिव सुनील कुमार, जयनगर मुखिया राजकुमार यादव , मुखिया चिंता देवी, पूर्व मुखिया अशोक रविदास, पूर्व मुखिया रामचन्द्र राम मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद , मुरली महतो , जागेश्वर प्रसाद, इंद्रदेव यादव ,इंद्रदेव गोप कामदेव रजक, एवं समाज सेवी ललन यादव ,रमेश यादव ,दूर्गा चौधरी, मणिलाल चौधरी, रामचंद्र चौधरी, नारायण प्रसाद, मनोहर चौधरी, युगल राम,राजद नेता शिवशंकर वर्णवाल ,विनोद यादव राजू यादव,अरविंद सिंह और यज्ञ समिति के अध्यक्ष किसुन महतो, सचिव बैजू महतो,कोषा अध्यक्ष हिरामन प्रसाद,उप क जितेंद्र प्रसाद, चुरामन महतो विनय कुमार , टिपलाल प्रसाद ,शंकर दयाल,लेखराज महतो, पुरषोत्तम महतो, मंटू महतो ,सीताराम प्रसाद, तरुण प्रसाद,गुली महतो, तिलक महतो ,भीखन यादव,टेक्मन महतो, नरेश प्रसाद, लक्ष्मण प्रसाद, कामेश्वर प्रसाद, चेतलाल धोबी, प्रदीप रविदास, राजकुमार रविदास, महेंद्र रविदास, कैलाश धोबी, सूरज रजक, द्वारिका प्रसाद, द्वारिका महतो, रामप्रीत प्रसाद,भगीरथ प्रसाद,कैलाश प्रसाद, हीरालाल महतो, भीमलाल प्रसाद, भुनेश्वर प्रसाद, बासुदेव प्रसाद, संजय सिंह ,पवन प्रसाद, राहुल पासवान, राजेश प्रसाद, श्यामप्रीत प्रसाद, संजय प्रसाद,खगेंद्र रजक सुनील कुमार समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु कलशयात्रा में शामिल हुए ।

## रोहित हत्याकांड में शामिल तीन आरोपी गिरफ्तार, भेजे गए जेल, पंचतत्व में विलीन हुए रोहित

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



आरोपियों को जेल ले जाती पुलिस

बरही चतरो का बहुचर्चित रोहित हत्याकांड में शामिल तीन आरोपियों को बरही पुलिस त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर जेल भेज दी। बरही एसडीपीओ नाजिर अख्तर के द्वारा गठित टीम ने पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी ललित कुमार के नेतृत्व में की गई छापेमारी में बरही पुलिस ने शुक्रवार देर रात चौपारण थाना क्षेत्र अंतर्गत बारहमौरिया से सेवा पंडित उम्र 45 वर्ष पिता स्व शोभन पंडित, सीताराम पंडित उम्र 20 वर्ष पिता सेवा पंडित एवं मनीषा देवी उम्र 18 वर्ष पति सीताराम पंडित को गिरफ्तार किया गया। शनिवार को तीनों को जेल भेज दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सीताराम पंडित का ससुराल बारहमोरिया में है। जहां गिरफ्तार सभी आरोपी छिपे हुए थे। आरोप है की 3 मई को सेवा पंडित, अनिता देवी, राजू पंडित, सीताराम पंडित, नरेश पंडित, रेखा देवी, मनीषा देवी आदि ने मिलकर पिछले बुधवार सुबह रोहित पंडित को मारपीट अधमरा कर दिया था। जिसकी मौत रांची रिम्स में हो गई थी। इसके अलाव मृतक की माता नागिया देवी, बहन लक्ष्मी देवी एवं पत्नी रिंकू देवी के साथ भी बेरहमी से पिटाई की गई थी। वहीं बीते दिन देर शाम बरही विधायक उमाशंकर अकेला रोहित के पार्थिव शरीर को लेकर बरही थाना में धरना पर बैठ गए थे। जहां उन्होंने धरना के दौरान उन्होंने बरही पुलिस को रोहित हत्याकांड में शामिल आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने की बात कही थी। वहीं रोहित के पार्थिव शरीर को उनके पैतृक गांव में शनिवार सुबह अंतिम संस्कार किया गया।

## अजब प्रेम की गजब कहानी : प्रेमी ने भर दी दुल्हन की मांग, वरमाला लिए देखता रह गया दुल्हा, बेरंग लौटी बारात

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



हजारीबाग जिला के इचाक बैंड बाजा के साथ पहुंची बरात देखती ही रह गई । जब प्रेमी ने बारातियों के सामने ही अपनी प्रेमिका के मांग भर दी। इसके बाद दुल्हा को बिना दुल्हन के ही वापस घर लौटना पड़ा। दरअसल यह मामला इचाक प्रखंड अंतर्गत खुटरा गांव के बेरीटांड़ मोहल्ले का है। इस घटना के बाद से पूरे इलाका में इस अजीबोगरीब शादी का चर्चा हो रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार खुटरा गांव के बेरीटांड़ बुधन राम की बेटी प्रीति कुमारी की शादी कटकमदाग प्रखंड के बन्हे गांव निवासी सागर कुमार के साथ तय हुई थी। वहीं दुल्हन लेने के लिए दुल्हा सागर कुमार बारात लेकर दुल्हन के घर पहुंचा था। दुल्हन के पिता बुधन राम ने बताया की रात में जैसे ही बाराती घर पहुंचा तो नाश्ता के बाद वरमाला का कार्यक्रम चल रहा था। दुल्हा दुल्हन एक दूसरे के गले में वरमाला डालकर मिठाई खिलाने का रस्म कर रहे थे। इसी दौरान प्रीति का प्रेमी सनी कुमार अचानक स्टेज पर पहुंचकर बारातियों के सामने ही प्रीति के मांग में सिंदूर डाल दिया। जिसके बाद बारातियों में भगदड़ मच गई। उसके बाद घर वालों ने प्रेमी सनी को पकड़ लिया। जबकि दुल्हा दुल्हन लिए बिना वापस लौट गया। घटना के बाद बुधन राम के घर भीड़ इकट्ठा हो गई। जनप्रतिनिधियों के सामने बात – चीत के बाद प्रीति और सनी की शादी करा दी गई।

## बरही : चतरो में लाखों के लागत से बना जलमीनार सालों से बीमार, दर्जनों घर प्रभावित

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत मलकोको पंचायत के चतरो में प्राथमिक विद्यालय परिसर में लाखों की लागत से बनी जलमीनार पिछले एक वर्षो से सिर्फ शोभा की वस्तु बनकर रह गई है। जिससे दर्जनों घर प्रभावित हुआ है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है की लाखों की लागत से बनी यह जलमीनार करीब एक साल से खराब है। जिससे दर्जनों घर प्रभावित हुआ है लोगो ने बताया की लोग स्वच्छ जल के लिए तरस रहे है। वहीं लोग स्वच्छ जल के लिए जार पर निर्भर है। वहीं इस जलमीनार के खराब हो जाने से स्थानीय ग्रामीणों के साथ – साथ इस रास्ते से गुजरने वाले राहगीरों के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों को पेयजल के लिए इधर – उधर भटकना पड़ता है। दर्जनों घरों के लोग यहां से पानी ले जाते थे। लेकिन जलमीनार खराब होने से लोगों को परेशानी हो रही है। वहीं स्थानीय मुखिया विजय यादव ने बताया की बहुत जल्दी इस जलमीनार को दुरुस्त करवा दिया जाएगा। जिससे स्थानीय ग्रामीण एवं राहगीरों को पेयजल की समस्या से ना जूझना पड़े।

## बरही : सड़कों पर आवारा मवेशी बन रहे दुर्घटना के कारण, प्रशासन कर रही अनदेखा

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही चौक पर तमाम दावों के बावजूद आवारा मवेशियों की समस्या ज्यों की त्यों बनी है। और यह समस्या जहां वाहन चालकों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। वहीं बरही के चारो मुख्य मार्गो में आवारा पशुओं का जमावड़ा लगा रहता है। जिससे आए दिन पशुओं के साथ बाइक दुर्घटना का मामला सामने आते रहता है परंतु बरही प्रशासन ने अभी तक इस समस्या से निजात पाने के लिए कोई कदम नहीं उठाया है। विदित हो की आवारा पशुओं एवं बाइक की टक्कर में दर्जनों लोग अपनी जान गंवा चुके है। स्थानीय लोगो का कहना है की लोग जगह – जगह पर घरों ठेला एवं दुकनादर कूड़ा सड़क के किनारे फेंक देते है। जिसे खाने के लिए पशुओं का झुंड आ जाता है । कई बार पशुओं के कारण सड़क पर जाम भी लग जाता है। साथ ही साथ उनका यह भी कहना है की एक तो आवारा पशुओं की समस्या और दूसरी तरफ यहां पसरी गंदगी दोनो ही समस्याओं से लोग परेशान है इस समस्या का कारण सब्जी मंडी भी है। यहां दुकानदार बची हुई सब्जी सड़क पर फेंक देते है।

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## बाइक और आवारा मवेशी की टक्कर में चालक की मौत, महिला घायल

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



पदमा थाना के नजदीक हुई अवारा मवेशी और बाइक की टक्कर में बाइक चालक एवं बाइक पर सवार महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायलों का पहचान हजारीबाग के खेलगांव निवासी दिलीप कुमार उम्र 45 वर्ष एवं उनकी पत्नी दिल्ली वर्मा के रूप में हुई है। दोनों घायलों को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद दिलीप कुमार को गंभीर चोट होने के कारण सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान दिलीप कुमार की मौत हो गई।

## सरकारी स्कूल में रह रही सुदामा देवी को आवास बनाने के लिए मिला दो डिसमिल जमीन

### सीओ ने लाभुक को सौंपा जमीन का पर्चा, आवास निर्माण करने का निर्देश

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




मलकोको की रहने वाली सुदामा देवी को आखिरकार बरही अंचल की ओर से दो डिसमिल जमीन बंदोबस्त कर दे दिया गया। शनिवार को सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो ने लाभुक सुदामा देवी को जमीन का पर्चा सौंपा। साथ ही उन्हे आवास बनाने के लिए निर्माण कार्य शुरू करने का निर्देश दिया। ज्ञात हो की सुदामा देवी भूमिहीन एवं आवासहीन थी। उन्हें सरकार के द्वारा आवास आवंटित किया गया है। लेकिन आवास बनाने के लिए उनके पास जमीन नही थी। जिसके कारण उनका आवास नही बन पा रहा था। महिला मजदूरी कर अपना जीवन यापन करती थी। आवास नही रहने के कारण वह म्लकोको स्कूल भवन के एक कमरे में रहने को मजबूर थी। उनकी समस्या को देखते हुए एआईएमआईएम के बरही विधान सभा प्रभारी सूरज दास ने बरही अंचल से लेकर मुख्यमंत्री तक जमीन उपलब्ध कराने के लिए पत्राचार किया। सीओ एसडीओ सहित डीसी से लगातार फरियाद करते रहे। जिसका सकारात्मक परिणाम शनिवार को देखने को मिला। आखिर कार सुदामा देवी को गैर मजूरवा खास जमीन से दो डिसमिल जमीन बंदोबस्त कर दे दिया गया। जिससे अब उनका आवास बनने का मार्ग प्रशस्त हुआ। इस कार्य में सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो का अहम योगदान रहा। उन्होंने अपर समाहर्ता को उनकी जरूरत से अवगत कराया।

## भामाशाह विद्यालय में अभिभावक शिक्षक गोष्ठी का अयोजन, शैक्षणिक विकास पर चर्चा

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




गोष्ठी में शामिल अभिभावक एवं शिक्षक

भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बरही में कक्षा नवम के भैया-बहनों के अभिभावकों की एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय और आचार्य चंद्रमोहन मिश्र के द्वारा संयुक्त रूप से भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस गोष्ठी में कुल 75 अभिभावक उपस्थित हुए । जिसमें माताओं की संख्या सर्वाधिक रही। अपने उद्बोधन में गोष्ठी की महत्ता बताते हुए प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय ने कहा कि भैया-बहनों को विद्यालय के अलावा घर पर भी शिक्षा का ऐसा वातावरण दे कि उनकी पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़े। इससे भैया-बहनों का निरंतर विकास संभव होगा। आचार्य चंद्रमोहन मिश्र ने कहा कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में अभिभावक व आचार्यो की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। एक अच्छा आचार्य वही होता है जो अपने बच्चों के प्रति समर्पित होता है और अभिभावकों के साथ तालमेल बनाए रखता है। मंच संचालन नेहा मिश्रा व धन्यवाद ज्ञापन लिकेश्वर राणा के द्वारा किया गया। शांति मंत्र के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। मौके पर विद्यालय के आचार्य आचार्या एवं अभिभावक मौजूद रहे।

## देवचंदा मोड़ के पास बाइक से गिरकर दो घायल

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

हजारीबाग से चौपारण आने के क्रम में देवचंदा मोड़ के पास एक बाइक सवार अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गया। जिससे बाइक पर सवार दिलचंद रजक (33 वर्ष) पिता स्वर्गीय चुल्हन बैठा ,महिला का नाम सुशीला देवी (30 वर्ष )पति संतोष रजक ग्राम रामपुर पथरा चौपारण निवासी गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीण एवं एंबुलेंस की मदद से बरही उन्हे बरही अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया । प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर किया गया।

## मध्य विद्यालय बेंदगी में कैंप लगाकर यूको बैंक ने खोले 75 बच्चो का बैंक खाता

### बच्चो एवं उनके अभिभावकों को होनी चाहिए बैंकिंग की जानकारी : धर्मवीर

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




राजकीय मध्य विद्यालय बेंदगी में शनिवार को यूको बैंक बरही शाखा की ओर से कासा कैंप लगाकर विद्यालय में अध्ययनरत 75 बच्चों का बैंक खाता खोला गया । यूको बैंक के शाखा प्रबंधक धर्मवीर प्रजापति एवं सहायक शाखा प्रबंधक अमृत विमल एक्का ने सभी बच्चों का बैंक अकाउंट खोलते हुए उन्हें बैंकिंग लेन देन की जानकारी दी। बैंक खाता खोलने के लिए सभी बच्चों का आधार कार्ड एवं पासपोर्ट साइज का फोटोग्राफ लिया गया। अधिकतर बच्चो की उम्र 10 वर्ष से कम था। इसलिए बच्चे का खाता अभिभावक के साथ ज्वाइंट खोला गया। शाखा प्रबंधक धर्मवीर प्रजापति ने कहा की स्कूली बच्चों को सरकार के द्वारा सरकारी छात्रवृति के साथ साथ अन्य तरह की सरकारी सुविधा राशि बैंक खाता में भेजा जाता है। इसलिए सभी सरकारी स्कूली बच्चों का बैंक एकाउंट खोलना जरूरी है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुरेश रजक ने यूको बैंक एवं यूको बैंक के अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा की उनके विद्यालय में लगभग 125 बच्चों का बैंक एकाउंट नही खुल पाया था। जिससे सरकारी सुविधा से बच्चे वंचित रह जाते थे। अब प्रथम फेज में 75 बच्चो का बैंक खाता खुलने से उन्हे सरकारी सु. विधा अब मिल पाएगा। शिविर को सफल बनाने में विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष दिनेश साव, सचिव सुरेश प्रसाद रजक, शिक्षक मो मोहिउद्दीन, उषा राम, सरोज देवी, संध्या देवी, मो रिजवान अंसारी, रेखा कुमारी, मुन्ना यादव, महेश यादव, नसरीन बनो, निखत प्रवीण आदि ने सहयोग किया।

## लातेहार मंडल कारा में बंद दंपती हत्याकांड के विचाराधीन कैदी की मौत

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**




लातेहार : मंडल कारा में बंद दंपती हत्याकांड के विचाराधीन कैदी की मौत शनिवार को सदर अस्पताल में इलाज के दौरान हो गई।कैदी सेन्धु मुंडा चंदवा में डायन-बिसाही के आरोप में दंपती की हत्या के मामले का आरोपी था और चार दिन पूर्व से जेल बंद था। जेल प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार विचाराधीन कैदी सेन्धु मुंडा की तबीयत को अचानक बिगड़ गई और वह बेहोश हो गया।आनन-फानन में उसे जेल के अस्पताल में भर्ती कर इलाज शुरू किया गया, लेकिन उसकी स्थिति में सुधार नहीं होने पर उसे तत्काल उसे लातेहार सदर अस्पताल में भर्ती करया गया. जहा इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। कैदी का इलाज कर रहे डॉक्टर श्रवण महतो ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या ऐसा लग रहा है कि मरीज को मिर्गी का दौरा आया था। उन्होंने कहा कि जेल के अस्पताल में इसका इलाज करने के बाद बेहतर इलाज के लिए लातेहार सदर अस्पताल लाया गया था, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इस घटना की जानकारी मिलने के बाद सदर प्रखंड विकास पदाधिकारी मेघनाथ उरांव सदर अस्पताल पहुंचे और मामले की जानकारी प्राप्त की।और मामले की जानकारी वरीय अधिकारियों को दी।साथ ही बीडीओ ने मृतक के परिजनों को भी घटना की सूचना दे दी है।वहीं विचाराधीन कैदी के शव का पोस्टमार्टम करने के लिए मेडिकल टीम का गठन भी किया गया।



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## पिछले 11 दिनों से जारी है दस्तावेज नवीस संघ की हड़ताल

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



लातेहार : दस्तावेज नवीस संघ की राजस्व विभाग द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार निबंधन की मांग को लेकर हड़ताल विगत 26 अप्रैल से जारी है।हड़ताल के कारण भूमि निबंधन का कार्य ठप पडा है जिस कारण सरकार को राजस्व की हानि हो रही है। हड़ताल को लेकर शनिवार को दस्तावेज नवीस संघ की बैठक कचहरी परिसर में संघ के सचिव दिलीप कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में की गयी।इस अवसर पर श्री सिन्हा ने कहा कि जब तक राजस्व विभाग के द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार निबंधन नहीं होगा, हड़ताल जारी रहेगी।उन्होंने कहा कि जिला अवर निबंधक पदाधिकारी के रवैये के कारण दस्तावेज नवीसों को हड़ताल के लिए मजबूर होना पड़ा। अमलेश कुमार सिंह ने कहा कि जिला अवर निबंधक पदाधिकारी के द्वारा तुगलकी फरमान जारी किया जाता है।जो दस्तावेज ऑनलाइन है, उसे भी सत्यापित कर लाने का आदेश दिया जाता है। उन्होंने कहा कि जब तक मांगें पूरी नहीं होगी यह हड़ताल जारी रहेगी।मौके पर गुड्डु तिवारी, मुस्तकीम मियां, पप्पू खान, कामेश्वर तिवारी, बक्शू अंसारी, असगर खान, विपिन ठाकुर व फरीद समेत अन्य नवीस उपस्थित थे।

## महुआंड़ाड से उमरा के लिए अरब को रवाना हुए अकीदतमंद

**अपेम लाइव : लातेहार**
**मो रुस्तम**



महुआंड़ाड/लातेहार : महुआंड़ाड के डिपाटोली से फरीद अंसारी व अम्वाटोली से बाहर अंसारी व उनकी पत्नी शैरुन बीबी समेत कुल तीन लोग महुआंड़ाड से अरब देश उमरा के लिए शनिवार को रवाना हुए। जहां महुआंड़ाड लोगों के द्वारा सभी को ख़ुशी के साथ उमरा के लिए विदा किया गया।इस दौरान लोगों ने उमरा के जायरीन से देश दुनिया राज्य व अपने शहर में अमन व शांति के लिए दुआएं करने की बात कही। साथ ही उमरा के लिए जा रहे लोगों ने ने सभी से अपनी जाने अंजाने में किए गलती के लिए माफ़ी मांगी। इस्लाम धर्म में उमरा करने को बहुत ही अच्छा कार्य माना जाता है।जिसे लेकर हमेशा भारत समेत दुनिया के सभी देशों से जायरीन हमेशा उमरा के लिए अरब देश जाते हैं और अपनी जानें अंजाने में किए गए गलती के लिए माफ़ी तलब करते हैं और अपने, अपने लोगों के लिए व देश दुनिया में अमन व शांति के लिए दुआएं भी करते हैं।मौके पर मदरसा अशरफिया गरीब नवाज के मोहतमिम मौलाना गुलाम सरवर फैजी ज़ुबैर अहमद नुरुल अंसारी फिरोज अंसारी समेत काफ़ी संख्या में महिलाएं व पुरुष उपस्थित थे।

## दनुवा में दुर्घटनाओं का दौर जारी, तीन गाड़ियों में भिंडत

### चौपारण पुलिस के बैरिकेटिंग के बाद थमा था दुर्घटनाओं का दौर अब फिर से शुरु





**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**

दनुआ घाटी में दुर्घटनाएं अब आम बात हो गई है। लाख कोशिशों के बावजूद दुर्घटनाओं का दौर जारी है। जिला व स्थानीय प्रशासन के प्रयास भी सपना बनाता जा रहा है। शनिवार को सुबह साढ़े नौ बजे दनुआ घाटी के हथिया बाबा के समीप एक-एक कर तीन वाहन आपस मे भीड़ गई। दुर्घटना के बाद दनुआ घाटी में अफरातफरी मच गया। जीटी रोड का आवागमन बाधित हो गया। स्थानीय पुलिस प्रशासन तथा चोरदाहा चेकपोस्ट के पुलिस अधिकारी और जवान घटना स्थल पहुंचे। थाना प्रभारी शम्भूनंद ईश्वर ने जीटी रोड पर कैंप कर दुर्घटना ग्रस्त वाहनो को क्रेन से हटवाने में जुट गए। दो घंटे के प्रयास से एक लाइन सड़क का आवागमन शुरू कर दिया गया। वाहनो के टक्कर के बाद वाहनो के चालक, खलासी सुरक्षित है वही दुर्घटना ग्रस्त वाहनो को काफी क्षति हुई है। बताया जाता है कि वाहन सख्या जीजे 01 बिवाई 9788 जो लोहा का पाइप लादकर चौपारण के रास्ते यूपी जा रहा था तभी अचानक दनुवा घाटी में अनियंत्रित हुवा और दुर्घटना का शिकार हो गया। दुर्घटना में सभी पाइप सड़क के किनारे पसर गया। देखते ही देखते अन्य दो वाहन एनएल 01 एफ 6911 व यूपी 15 टी 4041 दुर्घटना का शिकार हो गया। मालूम हो कि दनुवा घाटी में पुलिस बै. रिकेटिंग के बाद लगभग एक सप्ताह से अधिक समय तक दुर्घटनाओं का दौर रुका था। लेकिन अब फिर से दनुवा घाटी अपने खेल खेल रही है।

## बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट कंपटीशन में बच्चो ने दिखाई प्रतिभा, दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश


**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागी

शिशु ज्ञान समिति द्वारा संचालित रसोईया धमना स्थित सेंट्रल मिशन पब्लिक स्कूल में शनिवार को सीसीए के तहत बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट कंपटीशन का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 2 से लेकर 10 तक के बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता जूनियर ग्रुप और सीनियर ग्रुप में बांटकर लिया गया। जूनियर ग्रुप में कक्षा 2 से लेकर 6 तक के बच्चों ने भाग लिया और सीनियर ग्रुप में 7 से से लेकर 10 तक के बच्चों ने भाग लिया । यह प्रतियोगिता अपशिष्ट पदार्थ के पुनः उपयोग और पुनर्चक्रण द्वारा पर्यावरण को संरक्षित करने के बारे में बच्चों के बीच समझ लाने पर केंद्रित थी । बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता के दौरान छोटे हाथ और कल्पनाशील दिमाग ऊर्जा के रचनात्मक विस्फोट में एक साथ आएद्य बच्चों ने विभिन्न प्रकार के जैसे पुराने अखबार, पुरानी सीडी ,इस्तेमाल की हुई प्लास्टिक व कांच की बोतल, रसिया, आइसक्रीम की छड़े ,चूड़ियां, जूते के डिब्बे इत्यादि जैसी सामग्री का उपयोग करके शानदार विचारों का प्रदर्शन किया द्य इस दौरान विद्यार्थियो ने पेपर फ्लावर, फोटो फ्रेम, फूलदान ,गुलदस्ते, वॉल हैंगर, पेन पेंसिल स्टैंड और बहुत सारा सजावटी सामान तैयार कर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कियाद्य विद्यालय के प्राचार्य नितेश कुमार ने सभी विद्यार्थियों के रचना की प्रशंसा करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई दी और कहा कि इस प्रकार के निर्माण से सृजनात्मक शक्ति का विकास होता हैद्य कार्यक्रम को सफल बनाने में सीसीए विभाग की शिक्षिका विभा शर्मा श्वेता राजलक्ष्मी प्रियंका कुमारी कल्पना कुमारी नीतू कुमारी सरिता कुमारी शिबू रजक नरेश कुमार अरुण कुमार नुरेशा खातून आदि ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।




डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## केंद्रीय विद्यालय में शिक्षक अभिभावक गोष्ठि का आयोजन

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**




लातेहार : केंद्रीय विद्यालय, लातेहार में शनिवार को शिक्षक-अभिभावक गोष्ठि (पीटीएम) का आयोजन किया गया।इस गोष्ठि में कक्षा दो से पांच तक के छात्रों के अभिभावकों ने भाग लिया।इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या देवनिसिया तिर्की ने बताया कि गोष्ठि का मुख्य उदेश्य छात्रों के नये सत्र में पाठ्यक्रमों की जानकारी देना था।उन्होने बताया कि केंद्रीय विद्यालय संगठन के द्वारा जारी दिशा निर्देशों की जानकारी अभिभावकों को दी गयी।वहीँ कक्षा तीन (ब) की वर्ग शिक्षिका ललिता कुमारी ने अभिभावकों को अपने बच्चों पर विशेष ध्यान देने की बात कही।उन्होने कहा कि कक्षा में जो भी गृह कार्य मिलते हैं उसे पूरा करना आवश्यक है। उन्होने घर पर बच्चों की पढ़ाई पर नजर रखने एवं उन्हें समय देने की भी बात कही।साथ हीं शिक्षिका ने अपने बच्चों को मोबाइल से दूर रखने की बात कही।कहा कि मोबाइल के अधिक प्रयोग से बच्चों के आंख एवं मष्तिस्क पर प्रतिकूल असर पढ़ता है।केंद्रीय विद्यालय में आगामी आठ मई से 16 जून तक ग्रीष्म अवकाश की घोषणा की गयी है।मौके पर आशीष, मनीष सिन्हा, नवल कुमार व संजय यादव समेंत कई अभिभावक व छात्र आदि उपस्थित थे.

## बड़कागांव बस स्टैंड कीचड़ में तब्दील, मुसाफिरों को हो रही है घोर समस्या नाली निर्माण की जरूरत

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव बस स्टैंड में इन दिनों घरों के नालियों से निकले गंदा पानी जमा हो जा रहा है एवं नाली नहीं रहने के कारण बस स्टैंड कीचड़ में तब्दील हो गया है। कीचड़ रहने के कारण मुसाफिरों को कीचड़ से होकर बसों में सवार होना एवं उतरना पड़ रहा है। मामले को लेकर बड़कागांव मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत कुमार, पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर एवं मुखिया तकरीमुल्लाह खान ने कहा के बस स्टैंड की समस्या को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार पांडे से मुलाकात कर हल निकालने का प्रयास किया जाएगा। बस स्टैंड के किनारे दुकान, फल का स्ट०ल एवं मेडिकल चला रहे लोगों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। बड़कागांव बस स्टैंड के बगल में 43 सालों से मेडिकल चला रहे डॉक्टर बालेश्वर महतो ने कहा कि नाली एवं वर्षा के पानी दुकान के बाहर बस स्टैंड में जमा हो जाने के कारण हम दुकानदारों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। कीचड़ जमा होने के कारण ग्राहक हमारे दुकानों तक नहीं पहुंच पा रहे हैं जिससे हमारी दुकानदारी ठप हो रही है। बस स्टैंड के पास नाली निर्माण कराने पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

## सासांग के आंगनबाड़ी केंद्र (दक्षिण) में सिर्फ खाना खाने आते हैं बच्चे

**अपेम लाइव : लातेहार**

बाल विकास परियोजना द्वारा संचालित मॉडल आंग. नवाड़ी केंद्र की स्थिति की स्थिति बहुत अच्छी नहीं है। ग्रामीण क्षेत्र में केंद्र कब खुलता है और कब बंद होता है इसका पता भी लोगों को नहीं चल पाता है। ऐसा ही एक मामला शनिवार को सासंग पंचायत अंतर्गत तुरी टोला के आंगनबाड़ी केंद्र दक्षिण में देखने को मिला जहां कई खामियां पाई गई। शनिवार को पूर्वाहन 10 बजे उक्त आंगनबाड़ी केंद्र में ना ही कोई बच्चे थे और ना ही आंगनबाड़ी सेविका। आंग. नवाड़ी केंद्र के बाहर खड़ी सहायिका गीता देवी से से. विका के बारे में पूछने जाने पर उन्होंने बताया कि सेविका सबीना खातून अभी तक नहीं आई है ,कब आयेगी पता नहीं। वही आंगनबाड़ी केंद्र में एक भी बच्चे उपस्थित नहीं थे ।आंगनबाड़ी केंद्र के बाहर खड़े एक ग्रामीण ने नाम नही छापने की शर्त पर बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र को मनमौजी तरीके से संचालित किया जाता है। गांव के बच्चे सिर्फ आंग. नबाड़ी केंद्र में खाना खाने आते हैं। वही बच्चों को मिलने वाला पोषाहार भी नहीं मिल पाता है। ग्रामीणों द्वारा यह भी जानकारी दी गई कि भग. वान के भरोसे आंगनबाड़ी केंद्र को संचालित किया जा रहा है सेविका कभी-कभार ही आती है। इधर सेविका सबीना खातून ने बताया कि अभी लातेहार से चली हूं पहुंच रही हूं। वही उन्होंने बताया कि कुछ दिन पहले तबीयत खराब था। इस संबंध में जब मुखिया अंती देवी से पूछा संबंधित आंगनबाड़ी केंद्र का रिपोर्ट प्रवेशिका से लेने के बाद एसडीपीओ सह वीडियो को सौंपा जाएगा। ताकि आंगनबाड़ी सेविका के खिलाफ उचित कार्रवाई की जा सके

## पद्मश्री, गणितज्ञ डॉ वशिष्ठ नारायण सिंह का चित्र नेतरहाट विद्यालय को किया समर्पित

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



लातेहार : नेतरहाट विद्यालय के पूर्ववर्ती छात्र पद्मश्री महान गणितज्ञ स्व0 डॉ वशिष्ठ नारायण सिंह का चित्र उनके मित्र डॉक्टर अखिलेश जी के द्वारा शनिवार को नेतरहाट विद्यालय को भेंट स्वरूप प्रदान किया गया।ज्ञात हो कि स्वर्गीय वशिष्ठ नारायण सिंह बिहार के भोजपुर जिला स्थित बसंतपुर गांव के निवासी थे। विलक्षण प्रतिभा के धनी बालक वशिष्ठ की चर्चा आरंभिक दिनों में ही प्रतिभावान छात्र के रूप में पूरे इलाके में होने लगी थी। सन 1957 से 1963 तक की स्कूली शिक्षा डॉ वशिष्ठ ने नेतरहाट विद्यालय से प्राप्त की।नेत. रहाट विद्यालय के चतुर्थ आश्रम वर्ग के विक्रम आश्रम के ये अंतेवासी छात्र थे। बिहार माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से पूरे राज्य में मैट्रिक की परीक्षा में इन्हें सर्वोच्च स्थान प्राप्त हुआ था। आगे की शिक्षा पटना साइंस कॉलेज से प्राप्त कर गणित के क्षेत्र में महारत हासिल करते हुए उन्होंने विदेश के विश्वविद्यालयों से शोध कर डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त कर उन्हीं विश्वविद्यालयों में शोध एवं शिक्षण का कार्य भी किया। भारत में भी आईआईटी जैसे संस्थानों में ये व्याख्याता के रूप में कार्यरत रहे। डॉक्टर वशिष्ठ मनोविदलता (सिजोफ्रेनिया) नामक मानसिक रोग से ग्रसित हो असमय ही इनका दुखद निधन पटना में सन 2019 को हो गया।इनके बालसखा नेत. रहाट के ही पूर्ववर्ती छात्र डॉक्टर अखिलेश चौधरी (1962-1968 बैच) अवकाश प्राप्त सिविल सर्जन रांची के द्वारा उनकी मधुर स्मृति में एक सुंदर सा चित्र विद्यालय प्राचार्य डॉ संतोष कुमार सिंह को प्रदान किया गया।कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के गणित विभाग के शिक्षक राजेश कुमार एवं तारकेश्वर पासवान के द्वारा किया गया।इस अवसर पर छात्र चिरंजीवी शाश्वत आनंद एवं चिरंजीवी शिवशंकर द्वारा डॉ वशिष्ठ के जीवनी पर एवं गणित के क्षेत्र में उनके योगदान पर विशेष विस्तृत चर्चा की गई। प्राचार्य डॉ संतोष कुमार सिंह ने डॉक्टर वशिष्ठ नारायण सिंह से अपने पूर्व के मुलाकातों का उल्लेख करते हुए भावुकता से उनके व्यक्तित्व की का उल्लेख किया। पूर्ववर्ती छात्र ड०क्टर अखिलेश को हृदय से धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उन्होंने घोषणा की कि विद्यालय के रत्न, महान गणितज्ञ, पद्मश्री डॉ वशिष्ठ के चित्र को विद्यालय पुस्तकालय में लगाया जाएगा, जिससे विद्यालय के वर्तमान पीढ़ी के छात्र प्रेरणा ले सकें।मौके पर वरियतम शिक्षक डॉ प्रसाद पासवान, विधु शेखर देव एवं रवि प्रकाश सिंह समेत सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

## ब्लॉक परिसर में बीडीओ के नेतृत्व में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय परिसर में स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार पांडे के नेतृत्व में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रखंड मुख्यालय परिसर प्रांगण में फलदार वृक्ष लगाए गए। वृक्षारोपण कार्यक्रम में मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, ब्लॉक कर्मचारी एवं जेएसएलपीएस के कई अधिकारी उपस्थित थे। मौके पर सभी जनप्रतिनिधियों ने अपने अपने पंचायत को स्वच्छ एवं हरा भरा पंचायत बनाने की बात कही। मौके पर मुख्य रूप से मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत कुमार, पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर, मुखिया तकरीमुल्लाहा खान, पारसनाथ महतो, विमला देवी, कविता देवी, कमला देवी, गीता देवी, एतवरिया देवी, सुलेखा देवी, बेबी कुमारी, नीलम मिंज, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर आशीष पासवान, बीपीओ हीरो महतो, अरुण पासवान जेएसएलपीएस से राम प्रकाश कुमार के अलावा कई लोग उपस्थित थे।






सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## आंगनबाड़ी केंद्र में ग्रामीण महिलाओं के साथ जनप्रतिनिधियों ने किया बैठक

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव मध्य पंचायत अंतर्गत आंगनवाडी केंद्र मुस्लिम मोहल्ला में चारदीवारी निर्माण हेतु मुखिया तकरीमुल्लाह खान एवं पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर ने आंगनबाड़ी के चारों तरफ भूमि निरक्षण किया। चारदीवारी ना होने के कारण आंगनबाड़ी बंद होने के बाद ग्रामीणों का अनावश्यक रुप से प्रवेश एवं आंगनवाडी को छती पहुंचाया जा रहा है। साथ ही, नदी किनारे होने के कारण ग्रामीणों के द्वारा आंगनवाड़ी केंद्र के चारों ओर कूड़ा कचरा फेंक दिया जाता है। जिस कारण आंगनबाड़ी केंद्र का वातावरण गंदा रहता है, इसे देखते हुए चारदीवारी निर्माण आवश्यक है। इस दौरान आंगनबाड़ी से जुड़ी सभी ग्रामीण महिला के साथ बैठा की गई। बैठक के उपरांत गर्भवती महिलाओं के बीच मुखिया एवं पंचायत समिति सदस्य के द्वारा पोषक खाद पदार्थो का वितरण किया गया। आंगनबाड़ी केंद्र के द्वारा बच्चों, गर्भवती महिलाएं एवं किशोरियों को दिए जाने वाले पोषक आहारों का भी जायजा लिया गया। मोके पर मुख्य रूप से मुखिया तकरीमुल्लाह खान, पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर, सेविका अफरोजा खातून, सहयिका राजिया बेगम, सहिया नूरफतीमा के अलावा दर्जनों ग्रामीण महिला उपस्थित थे।

## विष्णुगढ़ के बिशु पूजा में शिवभक्तों ने दिखाई भक्ति की शक्ति

### लोटन सेवा, दहकते अंगारों पर चलना, झूलन समेत कई करतबों पर लगे जयकारे

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



बैशाख पूर्णिमा को लेकर शुक्रवार की रात को विष्णुगढ़ के अचलजामो तथा नागी गांव में बिशु पूजा सह मेला का आयोजन किया गया। अचलजामो स्थित अचलनाथ मंदिर में बिशु पूजा की शुरुआत भक्तों की लोटन सेवा से हुई। जिसमें दर्जनों भक्तों ने दिनभर उपवास रहकर अचलनाथ मंदिर के चारों ओर लेटकर बाबा भोलेनाथ की आराधना की। इसके बाद स्थानीय जलाशय से कलश पर पवित्र जल भरकर भक्तों ने लोहे के सैकड़ों कील पर चलते हुए मंदिर पहुंचे। मंदिर परिसर में दहकते अंगारों पर चलकर भक्तों ने अदम्य शिवभक्ति की शक्ति का प्रदर्शन किया। जिसे देखने के लिए सिरैय, करगालो समेत आसपास गांवों के बड़ी संख्या में महिला पुरुष एवं बच्चे शामिल हुए। पूरी रात कार्यक्रम चलता रहा। शनिवार की अहले सुबह से झूलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बीस फीट ऊंचे लकड़ी से बने खूंटे पर भक्तों ने अपनी पीठ में लोहे की कील चुभोकर देर तक झूलते रहे। इसे देखकर जय भोलेनाथ-हर हर महादेव के खूब जयकारे लगे। इसके बाद भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। पूजा को लेकर आयोजित मेले में लगी दुकानों में रात भर चहलपहल रही। झूला-चरखा समेत कई तरह के खेल तमाशे आकर्षक का केंद्र रहे। पूर्व प्रमुख अशोक गुप्ता ने कहा कि बिशु पूजा का इतिहास 77 वर्ष पुराना है। मंदिर में भक्तों की मनोक. ामना पूर्ण होती है, जिसके कारण साल दर साल श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ती जा रही है।

## सांढ पंचायत भवन में प्रबुध बुद्धिजनों ने भगवान गौतम बुध की जयंती मनाई

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : सांढ पंचायत भवन में बुध पुर्णिमा के मौके पर प्रखंड के प्रबुद्ध बुद्धि जनों के द्वारा भगवान गौतम बुद्ध की जयंती मनाई गई । जयंती कार्यक्रम की अध्यक्षता कर्णपुरा इंटर कoलेज के प्राचार्य प्रोफेसर रामसेवक एवं संचालन सांड पंचायत के पूर्व मुखिया भीखन महतो के द्वारा किया गया। उपस्थित प्रबुद्ध बुद्धि जन अतिथियों के द्वारा भगवान गौतम बुध की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने गौतम बुद्ध के जीवनी पर प्रकाश डाला एवं उनके बताए हुए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। मौके पर उपस्थित बतौर मुख्य अतिथि मध्य जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी ने कहा की आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त करने के लिए गौतम बुद्ध का अपना परिवार त्यागना अनुकरणीय है हमें उनके बताए मार्ग पर चलने की जरूरत है। सिविल सोसाइटी के प्रखंड अध्यक्ष मनोज गुप्ता ,पूर्व जिप सदस्य टूकेश्वर प्रसाद ने कहा कि गौतम बुध के द्वारा दी गई मंत्र अहिंसा परमो धर्म से पूरे विश्व का कल्याण हुआ जिसके कारण पूरे विश्व में गौतम बुध की पूजा की जाती है। प्रोफेसर रामसेवक एवं अधिवक्ता अनिरुद्ध कुमार ने कहा की सम्राट अशोक ने बौद्ध धर्म से भारत बृहद साम्राज्य का स्थापना किए थे। आज भी बृहद भारत देश की स्थापना बौद्ध धर्म से ही संभव है। कार्यक्रम में मुखिया सुलेखा देवी, कविता देवी, पूर्व मुखिया मुरलीधर दांगी, लखेंद्र ठाकुर, कैलाश साहू, उमेश दांगी, रामेश्वर महतो, कुशवाहा समाज के सचिव गिन्नी बर्मा, रामेश्वर महतो, जल सहिया रेखा कुमारी, नेहा कुमारी, वीरेंद्र कुमार, पंचम कुमार, महेश महतो, गिरेंद्र कुमार सहित कई उपस्थित थे एवं अपना विचार व्यक्त किए ।

## बारात से लौट रहे बोलेरो पर करंट प्रवाहित बिजली का तार गिरा, पांच लोग झुलसे

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



विष्णुगढ़ गोमियां रोड में जमुनियां डैम के पास एक डीजे लदे पिकअप वैन की बिजली के खंभे में जोरदार टक्कर हो गई। जिससे बिजली का करंट प्रवाहित तार सड़क पर गुजर रहे एक बोलेरो वाहन पर गिर गया। इस घटना में पूरे बोलेरो में करंट दौड़ गया। जिससे बोलेरो में बैठे पांच लोग झुलस कर जख्मी हो गए। घायलों में राजेंद्र कुमार (16) पिता कैलाश महतो, लालू कुमार (15) पिता चेतलाल महतो, प्रकाश कुमार (19) पिता कुंजलाल महतो, कुलदीप कुमार (19) पिता मोहन महतो तथा दीपक कुमार (16) पिता कातिल महतो शामिल हैं। सभी घायल विष्णुगढ़ के गोविंदपुर खुर्द गांव के रहने वाले हैं। बताया जाता है कि पिकअप वैन के चालक को नींद की झपकी आने के कारण वाहन अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से टकरा गई। उसी दौरान गुजर रहे बोलेरो पर क्षतिग्रस्त हुए खंभे का बिजली तार टूटकर गिर गया। जिससे पूरे बोलेरो में बिजली का करंट दौड़ गया और बोलेरो में बैठे लोग करंट से झुलस गए। बताया जाता है कि बोलेरो में सवार लोग बारात में शामिल होकर वापस अपने घर गोविंदपुर लौट रहे थे। इसी बीच घटना हो गई। हो-हल्ला होने पर आसपास के लोग दौड़े और वाहन से बिजली के तार को हटाया। इसके बाद घायलों को इलाज के लिए विष्णुगढ़ सीएचसी भेजा गया। इस दौरान घटनास्थल पर अफरातफरी का माहौल रहा। अस्पताल में दो घायलों की नाजुक स्थिति को देखते हुए एसबीएमसीएच हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

## चपरी में कलश यात्रा के साथ नौ दिवसीय महायज्ञ कि शुरुवात

### यज्ञ ही संसार में श्रेष्ठतम कर्म है और संसार का श्रेष्ठतम कर्म यज्ञ ही है : मनोज यादव

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



पाण्डेयबारा पंचायत के चपरी में नवदिवसीय श्री शतचंडी महायज्ञ सह पिण्डोरूपी देवी प्राण प्रतिष्ठा का कलश यात्रा के साथ शुरुवात हुवा । 501 कलश के साथ निकले कलश यात्रा में मुख्यरूप से बरही विधायक व पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, चौपारण प्रमुख पूर्णिमा देवी, भाजपा के वरिष्ठ नेता मनोज सिंह, सांसद प्रतिनिधी अर्जून साव, समाजसेवी भुनेश्वर यादव सहित अन्य सम्मिलित हुए। कलश यात्रा चपरी देवी मंडप से निकलकर चपरी नदी तक पहुँचा जहाँ गिरिडीह से चलकर आये यज्ञआचार्य मणिकांत पांडेय ने जलभरणी का कार्य सम्पन्न कराया। श्रद्धालुओ को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि यज्ञ के द्वारा मानव जीवन के लिए प्रेरणा दी गई है। यज्ञ ही संसार में श्रेष्ठतम कर्म है और संसार का श्रेष्ठतम कर्म यज्ञ ही है। भौतिक दृ ष्टि से यज्ञ का महत्व अत्यधिक है इसके साथ ही आंतरिक, वैचारिक, मानसिक प्रदूषण समाप्त करने का अमोघ उपाय है। कहा यज्ञ आयोजन से पूरे क्षेत्र में भक्ति का माहौल है। यज्ञ समिति सदस्य सह पूर्व समिति सदस्य रबिश सिंह ने बताया कि वृंदावन धाम से चलकर आई सुप्रसिद्ध प्रवचनकर्ता बाल विदुषी राजेश्वरी तिवारी अपने मधुर वाणी से भक्ति रस परोसेंगी। यज्ञ को बनाने में मनोज सिंह, रबिश सिंह, पप्पू सिंह, रामफल सिंह, चंदन सिंह, निशिकांत सिंह, अंकित सिंह, मिथलेश सिंह, बासुदेव सिंह, कैलाश शर्मा, रमन भुइयाँ, सीताराम भुइयाँ, अमित शर्मा, गगन सिंह, रंजीत सिंह आदि महती भूमिका निभा रहे है। कलश यात्रा में सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साव, राजेंद्र चंद्रवंशी, प्रमुख प्रतिनिधि उदय राणा, पाण्डेयबारा के पूर्व मुखीया अनिल पांडेय, राजदेव यादव, समाजसेवी हरीशचन्द्र सिंह, भुनेश्वर यादव, जगदीश यादव, महेंद्र रविदास, उप मुखिया संजय साव, रामबिलास रवानी, ब्याध यादव, छत्रधारी यादव, तपेश्वर ठाकुर, सरवन यादव, डॉ बीके यादव,

## पंचायत सेवक की मनमानी से परेशान मुखिया ने हटाने के लिए दिया आवेदन

**अपेम लाइव : लातेहार**
**मो रुस्तम**




महुआडांड़ /लातेहार : महुआडांड़ प्रखंड अंतर्गत परहाटोली पंचायत सेवक भिकू प्रसाद कई सालो से एक जगह जमे हुए है । परहाटोली पंचायत सचिव भीकू प्रसाद मुखिया को दबाव बना कर मनमानी तरीके से कार्य करवाते हैं। इस संबंध में मुखिया रीता खलखो ने बताया कि 15 वे वित्त आयोग से निर्माण कार्य नहीं हो पा रहा है। ग्रामीण स्टीमेट बनवाने जाते है तो भीकू प्रसाद एवम् जे ई आशीष कुमार घुमाते नजर आते है । वहीं भीकू प्रसाद हमेसा मुखिया के विरोध में रहते है और अपने ठेकेदार से कार्य करवाते हैं। वही आवेदन में रीता खलखो ने स्पष्ट रूप से लिखा है कि भिखु प्रसाद का कहना है कि मैं मुखिया को किसी भी योजना का कार्य नहीं करने दूंगा। आवेदन में उदाहरण स्वरूप बताया गया है कि परा टोली पंचायत में भीकू प्रसाद पंचायत सेवक के द्वारा 1,20,000 का नाली में 17,000 पीसी के रूप में काट लिया गया जब की यही काम महुआडांड़ के रा. जडंडा में हुआ जो कि यही पंचायत सेवक है वहां पैसा नहीं काटा गया। दूसरा उदाहरण भी आप देखिए क्या किये है पंचायत सेवक भीकू प्रसाद ने रेन वाटर हार्वेस्टिंग बना जिसका भुगतान 8 माह से नहीं किया गया। तीसरा यही काम कुरो कला में रेन वाटर हार्वेस्टिंग का काम किया गया जो कि वहां पर पंचायत सेवक का अपना व्यक्ति था इसलिए वहां राशि की भुक्तान कर दिया गया । इस संबंध में मुखिया रिता खलखो ने स्पष्ट लिखा है कि ऐसे नेतागिरी, दादागिरी करने वाले पंचायत सेवक हम लोग को नहीं चाहिए।

परहाटोली मुखिया रिता खलखो ने यह भी बताया कि इससे पूर्व भी पंचायत सेवक भिखु प्रसाद को हटाने को लेकर आवेदन दिया गया था परन्तु आज तक उस पर किसी तरह की कोई कारवाई नहीं हुई । वहीं आवेदन प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेंन डांग एवम् एसडीओ नित निखिल सुरीन को दिया गया है ।

पंचायत सेवक को हटाने को लेकर मुख्य रूप से पंचायत के मुखिया रीता खलखो, आम जनता प्रधान सुलेस्वरी नगेसिया ,सुनीता देवी , सुमनी नागेसिया , सुषमा टोप्पो ,पंचायत समिति सदस्य सारदा देवी एवं अन्य लोग शामिल थे।